आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर से किसानों के लिए डिजिटल सहयोगी 'भारत विस्तार' की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना–समृद्ध बनाना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से एक ही कॉल में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक सलाह, मंडी मूल्य और मौसम संबंधी जानकारी मिलेगी। श्री चौहान कहा कि सरकार का लक्ष्य फसलों का उत्पादन बढ़ाना है।

हमारा लक्ष्य उत्पादन बढाना उसके लिए नई–नई किस्में आईसीआर फसलों की तैयार करना, उत्पादन की लागत घटाना, मैग्नाइजेशन तकनीकी का इस्तेमाल करके कम लागत का उत्पादन कैसे हो ताकि प्रोफिट बढ़े उसका प्रयास। किसान को उसके उत्पादन का दाम देना अगले एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की हमने कोशिश की है। मौसम की मार अगर फसल को बरबाद कर दे तो नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से करते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो विचार, नवाचार और इरादों का एक सशक्त संगम है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह एक्सपो वैश्विक हित के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य को आकार देने में भारतीय प्रतिभा की असाधारण क्षमता को प्रदर्शित कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का उद्घाटन किया था। वहीं, समिट के दूसरे दिन सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन जनसंख्या से जुड़ी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन के बाद अगले दो वर्ष में 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की उम्मीद है।

बडी संख्या में युवा इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। मैंने कई नवाचारों और कॉलेजों के विद्यार्थियों से बातचीत की। कई लोग दूर–दराज के क्षेत्रों से इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आए हैं। सम्मेलन की व्यापक प्रतिक्रिया सामने आ रही है। सम्मेलन में वैश्विक नेताओं का उत्साह साफ–तौर पर दिख रहा है। इस सम्मेलन के बाद अगले दो वर्ष में 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की उम्मीद है।

****

श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र आज दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू अयोध्या आएंगी। इस दौरान वह चार घंटे तक श्री राम मंदिर परिसर में रहेंगी। वह 400 श्रमिकों को एक समारोह में सम्मानित भी करेंगी।

****

लखनऊ में आज प्रदेश भर के जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मतदाता सूची से जुड़े विधिक प्रावधानों, ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–एसआईआर–2026 के बारे में अहम जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण में नोटिस चरण एवं सुनवाई की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

****

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल से शुरू होंगी। 12 मार्च तक चलने वाली इन परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एक रिपोर्ट

प्रदेश में 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आयोजित होंगी, जिसमें 53 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए राज्य के सभी 75 जिलों में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के इम्तिहान वाले हर कमरे में में वॉयस रिकॉर्डर से लैस 2 सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर और हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाए गए हैं, जिससे वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षा में 8033 केंद्र व्यवस्थापक इतने ही बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, और स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा 440 जनपदीय सचल दल नियुक्त किए गए हैं। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ

इस बीच, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से प्रदेश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गई हैं।

****

मौसम विभाग ने इस सप्ताह पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल कहीं कहीं बहुत हल्की से लेकर हल्की वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की भी संभावना व्यक्त की है।

****